# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा छ0ग0

Email- deo-surguja.cg@gov.in

क्रमांक / 206/ निर्वा0 / स्था0 / भर्ती / 2023 अम्बिकापुर दिनांक 01/06/2023

## विज्ञापन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर के पत्र क0 241 / स्था. / वि.स.नि. !2023 / 1651 रायपुर दिनांक 11.05.2023 के द्वारा सरगुजा जिले के जिला निर्वाचन कार्यालय हेतु संविदा एक मुश्त वेतन पर 05 पद सहायक ग्रेड 03 के एवं कलेक्टर दर पर 02 पद भृत्य के तथा रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय के लिए कलेक्टर दर पर 03 पद भृत्य के लिए दिनांक 30 / 11 / 2023 तक के अवधि के लिए नियुक्त किये जाने स्वीकृति प्रदान किये जाने पर दिनांक 10 / 06 / 2023 तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 37 जिला कार्यालय अम्बिकापुर सरगुजा में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन नमूना, पद, आरक्षण एवं विज्ञापन की शर्तें आदि सरगुजा जिले के वेबसाईट www.surguja.gov.in पर देखी जा सकती है।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ0ग0)

पृ0क्रमांक / 207 / निर्वा0 / स्था0 / भर्ती / 2023 अम्बिकापुर दिनांक 01/06/2023

प्रतिलिपि–

1. महाप्रबंधक, छ0ग0 संवाद को सूचनार्थ कि वे विज्ञापन का प्रकाशन प्रदेश स्तरीय 01 समाचार पत्र एवं स्थानीय स्तर पर 01 समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. जनसंपर्क अधिकारी सरगुजा को सूचनार्थ कि वे विज्ञप्ति का प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क कराने का कष्ट करें।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ0ग0)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

रिक्त पदों का विवरण–

| क्र0 | पदनाम | कुल पद संख्या | पदों का वर्गवार विवरण जिस पर नियुक्ति किया जाना है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजजा | अजा | अपिव | अनारक्षित | योग |
| 1 | सहायक ग्रेड–3 (संविदा एकमुश्त वेतन) | 5 | 3 | 0 | 1 | 1 | 5 |
| 2 | भृत्य (कलेक्टर दर) | 5 | 3 | 0 | 1 | 1 | 5 |

शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान :–

1. सहायक ग्रेड–3 पद हेतु

(अ) वेतनमान – संविदा वेतन 14200/– रूपये एकमुश्त

(ब) शैक्षणिक योग्यता–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा,

3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

4. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एंव साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र।

2. भृत्य पद हेतु –

(अ) वेतनमान – कलेक्टर दर

(ब) शैक्षणिक योग्यता– पांचवी कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण।

# आवेदन पत्र के संबंध में दिशा निर्देश

1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
2. आवेदन में स्वयं का स्वसत्यापित नवीनतम फोटो चस्पाया जाना अनिवार्य है।
3. आयु के लिए स्वसत्यापित दसवीं की अंकसूची संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वसत्यापित जाति प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना है।
5. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
6. न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता से संबंधित स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
7. प्रमाण पत्र सहित आवेदक का आवेदन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 37 में दिनांक 10.06.2023 को सांय 05.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से मिल जाना चाहिए। इसके बाद प्राप्त आवेदन या डाक या कोरियर से प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।
8. आवेदन के पश्चात बाद की प्रक्रिया के संबंध में व्यक्तिगत रूप से आवेदकों से कोई पत्राचार नही किया जावेगा। समस्त जानकारी समय–समय पर जिले के वेबसाईट www.surguja.gov.in पर देखी जा सकेगी। शार्ट लिस्टेड सूची या कौशल परीक्षा के लिए शार्ट लिस्टेड सूची/परीक्षा की तिथि सूची/मेरिट सूची/चयन सूची आदि इस वेबसाईट पर ही अपलोड कर दी जावेगी। पृथक से इसकी सूचना नही दी जावेगी। आवेदक लगातार साईट का अवलोकन करते रहेंगे। पृथक से पत्राचार नही किया जावेगा।
9. सहायक ग्रेड–3 के पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट सूची एवं चयन सूची बनाये जाने बारहवीं के अंक का 60 प्रतिशत, कौशल परीक्षा का 20 प्रतिशत एवं निर्वाचन कार्य में अनुभव का अधिकतम 20 अंक (प्रति माह अनुभव में 02 अंक) का वेटेज दिया जावेगा। भृत्य पद हेतु शैक्षणिक अर्हता 5वीं का 80 प्रतिशत एवं निर्वाचन कार्य में अनुभव का अधिकतम 20 अंक (प्रति माह अनुभव में 02 अंक) का वेटेज दिया जावेगा। आवेदन की संख्या अधिक होने पर समिति द्वारा परीक्षा या किसी अन्य माध्यम से चयन प्रक्रिया अपना सकेगी।
10. निर्वाचन कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश की प्रति प्रस्तुत किया जाना होगा।
11. आवेदक को छ0ग0 का मूल निवासी होना चाहिए।
12. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा।
13. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी रहेगी और दिनांक 30.11.2023 को स्वतः समाप्त हो जायेगा।
14. परीक्षा हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
15. पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकेगा।
16. भृत्य पद में चयन में यदि किसी आवेदक का पाचवीं की अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया होगा तो उस ग्रेड का औसत अंक प्रदान किया जायेगा।

दो उम्मीदवारों के अंक सामान होने की स्थिति में जिसकी आयु के हिसाब से वरिष्ठता होगी उसका चयन किया जावेगा।

18. चयन मेरिट अनुसार एवं वर्गवार किया जावेगा।

19. दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में आवेदन की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। अजा/अजजा/अविप/महिला अभ्यर्थी को शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश अनुसार आयु की छूट की पात्रता रहेगी।

20. आवेदन के साथ संलग्न किये गये दस्तावेजों का मूल प्रमाण पत्र के साथ सत्यापन कराकर ही अंतिम नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा।

21. सहायक ग्रेड-3 पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को एकमुश्त संविदा वेतन एवं कलेक्टर दर पर नियुक्त भृत्य पद पर अभ्यर्थी को एकमुश्त कलेक्टर अनुसार मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

22. चयनित अभ्यर्थी का कार्य संतोषजनक नही होने या कार्यालय को आवश्यकता नही होने की स्थिति में नियुक्ति तत्काल समाप्त कर दी जावेगी। अभ्यर्थी भी 01 माह पूर्व सूचना के त्याग पत्र देके या 01 माह का वेतन जमाकर पद छोड़ सकेगा।

23. चयनित अभ्यर्थी को पदस्थापना स्थल पर में निर्धारित समय के भीतर उपस्थिति देना होगा। उपस्थिति नही देने के स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।

24. किसी भी कारण से पद रिक्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची से पद भरी जायेगी।

25. भर्ती के दौरान किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी का होगा।

26. अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

## जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन) में सहायक ग्रेड–03 पद पर दिनांक 30/11/2023 तक के लिए एकमुश्त संविदा वेतन पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

जिला निर्वाचन अधिकारी
कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क0 37
जिला कार्यालय अम्बिकापुर सरगुजा
(छ0ग0)

स्वप्रमाणित स्वय का नवीनतम फोटो

आवेदित पद का नाम – सहायक ग्रेड –03
(एकमुश्त संविदा वेतन मैट्रिक्स लेवल–4)

1. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) – ..........
2. आवेदक का पुरा नाम (अंग्रेजी केपिटल लेटर में) – ..........
3. पिता/पति का नाम – ..........
4. लिंग – पुरूष/ महिला – ..........
5. जन्मतिथि – ..........
6. दिनांक 01.01.2023 को आयु – .......... वर्ष ..........माह .......... दिन
7. आवेदक का पूरा पता – ..........
   ..........
   ..........
8. आवेदक का मोबाईल नं0 – ..........
9. आवेदक का आधार नं0 – ..........
10. आवेदक की जाति – (अनुसूचित जाति/अनूसचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) ..........
    (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वसत्यापित प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न किया जावे)
11. क्या आवेदक छ0ग0 का मूल निवासी है – हॉ/नहीं ..........
    (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वसत्यापित प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न किया जावे)
12. शैक्षणिक योग्यता –
    (स्वसत्यापित प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न किया जावे)

| क0 | परीक्षा का नाम | स्कूल का नाम | मण्डल का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत/ ग्रेड | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12वीं | | | | | 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र |
| 2. | | | | | | डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में 01 वर्षीय डिप्लोमा का विवरण |
| 3. | | | | | | कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा के संबंध में प्रमाण पत्र का विवरण |

निर्वाचन में कार्य करने का अनुभव – ..........................................................................

..........................................................................................................................

स्वसत्यापित संलग्न प्रमाण पत्र की सूची –

1.

2.

3.

4.

5.

..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ....................................

पता ...................................

घोषण–पत्र

मैं एतद द्वारा घोषण करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास हैं, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है। मुझे मालम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरी द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा। संलग्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मेरे विरूद्व किसी भी न्यायालय में अपराधिक मामला विचाराधीन नही है।

स्थान– ........................

दिनांक – ......................

..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ....................................

पता ...................................

...................................

...................................

मो.नं...................................

# जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन) में भृत्य पद पर दिनांक 30/11/2023 तक के लिए कलेक्टर दर पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

जिला निर्वाचन अधिकारी
कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क0 37
जिला कार्यालय अम्बिकापुर सरगुजा
(छ0ग0)

स्वप्रमाणित स्वय का नवीनतम फोटो

आवेदित पद का नाम – भृत्य (कलेक्टर दर)

1. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) – ..........
2. आवेदक का पुरा नाम (अंग्रेजी केपिटल लेटर में) – ..........
3. पिता/पति का नाम – ..........
4. लिंग – पुरूष/ महिला – ..........
5. जन्मतिथि – ..........
6. दिनांक 01.01.2023 को आयु – .......... वर्ष ..........माह .......... दिन
7. आवेदक का पूरा पता – ..........

..........

..........
8. आवेदक का मोबाईल नं0 – ..........
9. आवेदक का आधार नं0 – ..........
10. आवेदक की जाति – (अनुसूचित जाति/अनूसचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) ..........
11. (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वसत्यापित प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न किया जावे)
12. क्या आवेदक छ0ग0 का मूल निवासी है – हॉ/नहीं ..........
13. (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वसत्यापित प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न किया जावे)
14. शैक्षणिक योग्यता –

(स्वसत्यापित प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न किया जावे)

| क0 | परीक्षा का नाम | स्कूल का नाम | मण्डल का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत/ ग्रेड | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5वीं | | | | | 5वी परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र |

निर्वाचन में कार्य करने का अनुभव – ..........

..........

स्वसत्यापित संलग्न प्रमाण पत्र की सूची –

1.

2.

3.

4.

5.

..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ....................................

पता ...................................

## घोषण–पत्र

मैं एतद द्वारा घोषण करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास हैं, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है। मुझे मालम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरी द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा। संलग्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मेरे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में अपराधिक मामला विचाराधीन नही है।

स्थान– ........................

दिनांक – ......................

..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ....................................

पता ...................................

...................................

...................................

मो.नं....................................